आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 16 अंक 20 • कटनी • सोमवार, 21 फरवरी, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-5 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## अरुणोदय 2022

## पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार के 27 सोपान का भव्य आयोजन



अतिथियों के साथ फोटो सेशन के दौरान पुरस्कृत पत्रकार व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता



दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल साथ में अन्य अतिथि

## संस्कार ऐसे मिले की प्रतिभा को झुकने नहीं दिया

# अरुणोदय की तरह चमकते रहे

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी में अरुणोदय यशभारत परिसर शताब्दिपुरम में रविवार 20 फरवरी को आयोजित पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार, श्रीमती माया शुक्ला स्मृति महिला पत्रकारिता एवं श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार समारोह अरुणोदय 2022 के 27 वें सोपान में नगर के चुनिंदा पत्रकारों व श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकताओं को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटैल, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडेय ,विशिष्ट अतिथि तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन,रादुविवि के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने भव्यता व गरिमामय माहौल में कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्तिवाचन के बीच दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया ।

### नगर के चुनिंदा पत्रकार व श्रेष्ठ आंगनववाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित

अतिथियों ने स्व. अरुण शुक्ला एव श्रीमती सुशीला शुक्ला के तैल चित्र पर भी माल्यापज़्ण कर उनको आदरांजलि दी। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने कहा कि यह सुअवसर प्रतिभाओं को सम्मानित करने का नहीं, अपितु कालजयी पत्रकारिता को निखारने का है। पत्रकार से यशभारत के संस्थापक बने आशीष शुक्ला को संस्कार ऐसे मिले कि उन्होंने प्रतिभाओं को झुकने नहीं, हमेशा अरूणोदय की तरह चमकते है। शहर की पत्रकारिता को एक आयाम मिले इसके लिए लगातार यशभारत परिवार अरूणोदय पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। अतिथियों ने कहा कि सच को सामने लाना आसान काम नहीं है लेकिन पत्रकार इस काम को बखूबी निभा रहे हैं पत्रकार को हर चुनौती से निपटने में सक्षम होना चाहिए। खोज परक समाचार निकाल कर उसे निर्भीकता के साथ पाठकों तक पहुंचना ही असल में पत्रकारिता है। उन्होंने कहा कि आशीष शुक्ला जैसे बेटा आज की जरूरत है। जिन्होंने अपने माता -पिता को याद को इस स्मृति शेष आयोजन से संजोये रखा।।

**फोटो- बबलू रजक**

## चारा घोटाले के सबसे बड़े केस में

# लालू को सजा का ऐलान आज



**रांची।** चारा घोटाला मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद सहित 37 दोषियों के खिलाफ सीबीआइ के विशेष जज एसके शशि सोमवार को सजा सुनाएंगे। लालू यादव को वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिये सजा सुनाई जाएगी। वे रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती हैं। डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद सहित 37 को सजा सुनाई जाएगी। इससे पहले 15 फरवरी को अदालत ने चारा घोटाला मामले में 75 अभियुक्तों को दोषी करार दिया था। उसी दिन 35 को तीन-तीन साल की सजा सुना दी थी। बाकी बचे 40 दोषियों में तीन कोर्ट नहीं पहुंचे थे। उसके खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किया है। लालू प्रसाद की ओर से सोमवार को सीबीआई कोर्ट में एक आवेदन दाखिल किया जाएगा, जिसमें उनके 16 प्रकार की बीमारियों का हवाला देकर कम से कम सजा दिए जाने की मांग कोर्ट से की जाएगी। आवेदन पर सीबीआई की ओर से पक्ष रखा जाएगा। लालू यादव को 7 साल तक की कैद हो सकती है। क्योंकि जिन धाराओं में उन्हें दोषी पाया गया है उनके तहत न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। कानून के जानकार बता रहे हैं कि यदि ऐसा होता है तो लालू को जमानत के लिए झारखंड हाई कोर्ट में याचिका लगाना पड़ सकती है। वहीं यदि 3 साल या इससे कम की सजा होती है तो सीबीआई की इसी विशेष अदालत में याचिका दायर की जा सकती है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने लालू यादव के पक्ष में बयान दिया। इस पर भाजपा को भी कटाक्ष करने का मौका मिल गया। भाजपा ने कहा, चोर-चोर मौसेरे भाई ĳ प्रियंका ने कहा था, राजद सुप्रीमो को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है ।

# कर्नाटक में बवाल,शिवमोगा में उपद्रव, स्कूल-कॉलेज बंद

### राज्य के मंत्री का आरोप- मुस्लिम गुंडों ने बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या की; शिवमोगा में उपद्रव, स्कूल-कॉलेज बंद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शिवमोगा जिले में रविवार रात करीब 9 बजे बजरंग दल के एक कार्यकर्ता की चाकू मारकर पर हत्या कर दी गई। मारे गए युवक की पहचान 26 साल के हर्षा के तौर पर हुई है। वारदात के बाद के बाद शिवमोगा में तनाव बढ़ गया है। शहर के सीगेहट्टी इलाके में उपद्रवियों ने कई वाहनों में आग लगा दी। बढ़ते हंगामे के मद्देनजर शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। शिवमोगा में दो दिन के लिए स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। कर्नाटक के रूरल डेवलपमेंट और पंचायत राज मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने हर्षा की हत्या के मामले में चौंकानेवाला बयान दिया है। उन्होंने कहा- च्मैं बजरंग दल कार्यकर्ता की मौत से बेहद दुखी हूं। हर्षा की हत्या मुस्लिम गुंडों ने की है। मैं अभी हालात का जायजा लेने के लिए शिवमांगा जा रहा हूं। हम गुंडागर्दी की इजाजत नहीं देंगे। इधर, राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र मारे गए बजरंग दल कार्यकर्ता के परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा, च4-5 युवकों के समूह ने एक 26 साल के युवक की हत्या कर दी। इस हत्या के पीछे किस संगठन का हाथ है, यह अभी नहीं कहा जा सकता। फिलहाल शिवमोगा में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए एहतियात के तौर पर स्कूल-कॉलेज दो दिन के लिए बंद किए जा रहे हैं। शुरुआती जांच में पुलिस इसे हिजाब विवाद से जोड़कर देख रही है, क्योंकि हर्षा ने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर हिजाब के खिलाफ और भगवा शाल के समर्थन में पोस्ट लिखी थी। दरअसल, कर्नाटक के उडुपी में हिजाब विवाद सामने आने के बाद से ही बजरंग दल काफी सक्रिय है। इसीलिए हर्षा की हत्या में साजिश के एंगल का शक गहरा गया है।



मृतक ने फेसबुक पर हिजाब के खिलाफ पोस्ट की थी

# हर क्लास का होगा अलग चैनल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्रीय बजट 2022-23 के कार्यान्वयन पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक वेबिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेबिनार के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र पर इस साल के केंद्रीय बजट का सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश के भविष्य की कर्णधार है और भविष्य के राष्ट्र निर्माता भी हैं। आज की युवा पीढ़ी को सशक्त करने का मतलब है भारत के भविष्य को सशक्त करना है। इसी सोच के साथ 2022 के बजट में शिक्षा क्षेत्र में 5 बातों पर ज़ोर दिया गया है। पहला - यूनिवर्सलाइजेशन ऑफ क्वालिटी एजुकेशन से हमारी शिक्षा व्यवस्था का विस्तार हो, उसकी क्वालिटी सुधरे और एजुकेशन सेक्टर की क्षमता बढ़े, इसके लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कचरे से कंचन बनाने की योजना बनेगी गोबर-धनप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कचरे से कंचन बनाने की योजना बनेगी गोबर-धनयह भी पढ़ेंदूसरा स्किल डेवलपमेंट है जिससे देश में डिजिटल स्किलिंग इकोसिस्टम बने तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष है- अर्बन और डिज़ाइन जिससे भारत का जो पुरातन अनुभव और ज्ञान है, उसे हमारी आज की शिक्षा में समाहित किया जाए। चौथा अहम पक्ष है अंतर्राष्ट्रीयकरण जिससे भारत में वर्ल्ड क्लास विदेशी यूनिवर्सिटियां आएंपांचवा महत्वपूर्ण पक्ष है-ृङ्कत्रष्ट- यानि एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स इन सभी में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और एक बहुत बड़ा ग्लोबल मार्केट है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ई-विद्या हो, वन क्लास वन चैनल हो, डिजिटल लैब्स हों, डिजिटल यूनिवर्सिटी हो, ऐसा एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर युवाओं को बहुत मदद करने वाला है। नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी, भारत की शिक्षा व्यवस्था में अपनी तरह का अनोखा और अभूतपूर्व कदम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज विश्व मातृभाषा दिवस भी है। मातृभाषा में शिक्षा बच्चों के मानसिक विकास से जुड़ी है। अनेक राज्यों में स्थानीय भाषाओं में मेडिकल और टेक्निकल एजुकेशन की पढ़ाई शुरू हो चुकी है।

## मणिपुर में चुनाव से पहले IED ब्लास्ट, 2 जवान घायल

इंफाल। मणिपुर की राजधानी इंफाल से लगभग 45 किमी दूर काकशिंग जिले के वांगू तेरा इलाके आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें ढ्डञ्जक्कके दो जवान घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें इंफाल के एक अस्पताल में रेफर किया गया। फिलहाल दोनों जवान खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। ITBP के एक अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों ने बताया कि जख्मी कांस्टेबल गौरव राय और गिरिजा शंकर दोनों चुनाव ड्यूटी पर तैनात 610 बटालियन के जवान हैं ।

# सरकार मैं बनाती हूं, चलाता कोई और है: उमा भारती



छतरपुर ।भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का सीएम की कुर्सी छोड़ने का दर्द फिर छलक उठा है। छतरपुर में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान उमा भारती ने कहा कि मैं सरकार बनाती हूं, फिर सरकार चलाता कोई और है। उनका यह बयान एक बार फिर मध्यप्रदेश के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।पूर्व सीएम उमा भारती ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना का शिलान्यास हुआ था, तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। इसलिए ना कांग्रेस ने उनका नाम लिया और ना बीजेपी ने उल्लेख किया। अब केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास होगा तो उन्हें प्रोटोकाल के तहत मंच पर जगह तक नहीं मिलेगी, क्योंकि वह न तो सांसद हैं और न ही विधायक हैं। उमा भारती ने केन बेतवा लिंक परियोजना की भी तारीफ की और कहा कि इस परियोजना से बुंदेलखंड इलाके से होने वाला लोगों का पलायन रुकेगा। उन्होंने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना से इलाके में सिंचाई और पीने के पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा तो रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, जिससे युवाओं का रोजगार के लिए होने वाला पलायन भी रुक जाएगा।

# 27 महिलाओं से शादी कर दिया धोखा

**भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस ने 13 फरवरी को एक 66 वर्षीय व्यक्ति को भुवनेश्वर में कार से यात्रा करते समय गिरफ्तार किया। पुलिस का यह विशेष दस्ता आठ महीने से उसका पीछा कर रहा था। इस शख्स को पकड़ने के लिए उसके ऑनलाइन लेनदेन पर नजर रखी जा रही थी। कार से जब बिभु प्रकाश स्वैन निकला तो दस्ता हैरान रह गया।**

यह कोई डॉन जुआन नहीं था, बल्कि वह बमुश्किल 5 फीट 2 इंच लंबा एक छोटा-सा आदमी था, जिसकी कटी-फटी मूंछें थीं। ओडिशा पुलिस राज्य के सबसे बड़े धोखेबाजों में से एक को गिरफ्तार कर चुकी थी। स्वैन ने 10 राज्यों में 27 महिलाओं से शादी की थी।2006 में उसने केरल में 13 बैंकों को 128 जाली क्रेडिट कार्ड के जरिए 1 करोड़ रुपए का धोखा

## अब पुलिस के शिकंजे में

दिया था। हैदराबाद में उसने लोगों को उनके बच्चों के लिए एमबीबीएस में सीटें दिलाने के नाम पर 2 करोड़ की धोखाधड़ी की। स्वैन ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की सहायक कमांडेंट से लेकर छत्तीसगढ़ की चार्टर्ड एकाउंटेंट, नई दिल्ली स्थित एक स्कूल की टीचर, असम के तेजपुर में एक डॉक्टर, सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट की दो वकील, इंदौर की एक सरकारी कर्मचारी, केरल प्रशासनिक सेवा में अधिकारी से शादियां कीं। इसके लिए उसने Jeevansathi.com, Shaadi.com और Bharatmatrimony.com जैसी वैवाहिक साइटों का सहारा लिया। उसने इस साइट्स पर अपना नाम प्रोफेसर बिधू प्रकाश स्वैन बताया, जो 51 साल का है। स्वैन ने अपने बारे में लिखा कि वह स्वास्थ्य शिक्षा और प्रशिक्षण के उप महानिदेशक के रूप में कार्यरत है, जिसकी सालाना आय 50-70 लाख रुपए है। फिलहाल दक्षिण मध्य डिवीजन को ह्श्वश्वञ्ज त और क्क्र प्रवेश परीक्षा के मुख्य नियंत्रक के रूप में तैनात किया गया है। उसे ऐसे शख्स की तलाश है जिससे अच्छी समझ बने और पारिवारिक मूल्य बने रहें।

### अभी तक साफ नहीं कि कितना धन उसने ऐंठा

भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त उमाशंकर दास ने कहा, वह रीयल में दिखता तो 60 साल से अधिक का है, लेकिन पीड़ितों ने उसकी सरकारी नौकरी को देखते हुए इसे अनदेखा कर दिया। स्वैन ने महिलाओं की लाचारी का पूरा फायदा उठाया और बड़ा जाल बिछाया था। हमें अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि उसने पीड़ितों से कितना पैसा कमाया। शुरुआती जांच में कह सकते हैं कि उसने 2-10 लाख रुपए जुटाए होंगे।

## अमेरिका का दावा, यूक्रेन पर हमले की फाइनल तैयारी का आदेश दे चुका रूस

वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम भी अच्छे संकेत नहीं दे रहा है। खबर वॉशिगंटन से है। अमेरिका ने आशंका जताई है कि रूस ने यूक्रेन पर हमला करने की तैयारियां पूरी करने का आदेश दे दिया है। अमेरिका के मुताबिक, रूस ने रविवार को यूक्रेन की उत्तरी सीमा से अपने हजारों सैनिकों को वापस बुलाने का आदेश रद्द कर दिया। इस तरह रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण की दिशा में एक कदम और बढ़ा लिया है। वहीं व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि यदि रूस, यूक्रेन पर हमला नहीं करने का फैसला लेता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं।रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने कीव स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों को स्वदेश लौटने के लिए कहा है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने भी रविवार को एक बार फिर बयान जारी कर कहा, च्यूक्रेन में उच्च स्तर के तनाव और अनिश्चितता के माहौल के मद्देनजर उन सभी भारतीय नागरिकों जिनकी उपस्थिति जरूरी नहीं है और सभी भारतीय छात्रों को अस्थायी तौर पर यूक्रेन छोड़ने की सलाह दी जाती है।







## सम्मान उन्हीं को मिलता है जो इसके वास्तविक हकदार-विवेक तन्खा

प्रमुख अतिथि राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा ने भी अपने वर्चुअल उद्बोधन में कार्यक्रम में साक्षात रूप से उपस्थित ना होने पर अफ सोस जताया और कहा कि वे देश से बाहर है। उन्होंने आशीष शुक्ला की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आशीष ने पिछले 27 सालों से पत्रकारों का सम्मान कर एक नई पीढ़ी प्रदान की है। उनका पत्रकारिता पुरस्कार निष्पक्ष रहता है ।चूंकि सम्मानितों का चयन का चयन वरिष्ठ पत्रकारों की टीम करती है। जो अलग-अलग अखबारों से होते हैं। अत: सम्मान उन्हीं को मिलता है जो इसके वास्तविक हकदार हैं। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि जबलपुर के पत्रकार निष्पक्ष रुप से निर्भीकता के साथ पत्रकारिता कर रहे हैं।

## डायरेक्टरी अरुणोदय 2022 का विमोचन

अतिथियों ने समारोह के समापन पर यशभारत की टेलीफोन डायरेक्टरी अरुणोदय 2022 का विमोचन किया। इस मौके पर सम्मानीय अतिथियों को स्मृति चिन्ह आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा भेंट किया

# सत्य को प्रमाण की नहीं परिणाम की आवश्यकता -प्रहलाद पटेल



**जबलपुर। पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में मुख्यअतिथि केन्द्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण, जल शक्ति राज्य मंत्रि प्रहलाद सिंह पटैल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अरुणोदय जिनकी स्मृति में सम्पन्न हो रहा है में अरुण भैया -भाभी के चरणों में नमन करता हूँ और स्मृति को चिरस्थायी रखने के लिए आशीष शुक्ला को साधुवाद और आशीर्वाद देता हूँ। एक ऐसा कार्यक्रम जिससे समाज में हम नजर उठाते है तो कमी दिखती है। भीड़ तो दिखती है पर जिज्ञासु भाव कम दिखते हैं। पत्रकारिता के दौर बदलते जा रहे। विश्वसनीयता का संकट है। ऐसे समय में निष्पक्ष पत्रकार चुनना कठिन है। अब सोशल और डिजिटल मीडिया का जमाना। अब लोग कहने और बोलने से डरने लगे हैं। चुनौतियों से जूझना तो पड़ेगा ही। दुनिया सदैव पुकार मचाएगी- नूतनता, नूतनता। हम नयापन तो स्वीकार है लेकिन सच्चाई स्वीकार नहीं। हम असत्यता से सहमत नहीं हो सकते। भरोसा तो होना ही चाहिए। जब सम्बन्ध बनता है और चीजें आगे चलती हैं तब विश्वास की डोर ही अहम हो जाती। सत्य को प्रमाण की नहीं परिणाम की आवश्यकता है। जब हम कभी किसी पत्रकार या इतिहास कार के पास या पुस्तकालय के पास जाएंगे तो हमारा ज्ञान ही बढ़ेगा। भीड़ से परे आप तमाम मनीषियों को प्रणाम।**

## अरूणोदय वर्ष 2022

## ये हुए सम्मानित व पुरस्कृत



वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान (लाइफ टाईम अचिवमेंट अवॉर्ड)- विनोद वैद्य (यशभारत)









राजेन्द्र शर्मा (दैनिक भास्कर), फोटो पत्रकार अफ रोज खान (पत्रिका), ब्रजेश शुक्ला( नई दुनिया) अनिल दीक्षित (प्रदेश टुडे)।





इलेक्ट्रानिक मीडिया से न्यूज 18 के प्रतीक अवस्थी, श्रीमती माया देवी स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार श्रीमती मंजू पांडे (दैनिक भास्कर)



श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार श्रीमती कविता जायसवाल आंगनबाड़ी केन्द्र 60 दीनदयाल वाडज् एवं श्रीमती ऊषा कोष्टा आंगनबाड़ी केन्द्र 57 केंट वार्ड को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया ।



### कुशल संचालन ने जीता दिल

कार्यक्रम का कुशल संचालन अपने चिरपरिचित शायराना अंदाज में नगर के जाने माने उद्घोषक डॉ . राहुल पाठक ने किया।

### ये रहे उपस्थित


कार्यक्रम में मीडिया जगत के विशिष्ट जनों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रेस कमीज्, जनप्रतिनिधि राजनैतिक, सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। समाज सेवी सतेन्द्र जैन जुग्गू, डॉ पवन स्थापक, डॉ अखिलेश गुमास्ता, डॉ संजय मिश्रा, डॉ. शैलेन्द्र राजपूत, डॉ. हर्ष सक्सेना, डॉ. आरके खरे, निशक्तजन आयुक्त संदीप रजक, डॉ मयंक चंसौरिया, एस सी ददरया ,शैलेन्द्र सिंह ठाकुर , सुश्री मधु यादव,कमलेश रावत, जगत बहादुर सिंह अन्नू सतीश उपाध्याय,डॉ अभिलाष पांडे, राजुल करसोलिया, सतीश तिवारी, पंकज पाण्डेय, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. आनंद सिंह राणा, राममूर्ति मिश्रा, महेशा केमतानी , योगेन्द्र दुबे, तरुण दीक्षित, डॉ अमित साहू, सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी राजेश तिवारी×जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, रादुविवि पूर्व छात्र नेता अजय मिश्रा,लघु वेतन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष अजय दुबे, नितिन अग्रवाल, मुकेश सिंह, संजय उपाध्याय।कटनी यशभारत से स्थानीय सम्पादक आशीष सोनी, आशीष रैकवार व प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

**फोटो- अशोक बर्मन/बबलू रजक**

### इनने किया स्वागत

अतिथियों को स्वागत आशीष शुक्ला, श्रीमती डॉ रश्मि शुक्ला अखिलेश शुक्ल,पर्व् जायसवाल,एड.संपूर्ण तिवारी ,उदयभान सिंह ,आदित्य पण्डित अवधेश कटारे,अभिषेक शुक्ला-, अजेय शुक्ला,शालिनी कटारे, श्रद्धा पंडित ,योगेश अग्रवाल ,सतेन्द्र तिवारी , अर्पित शुक्ला, सौरभ शुक्ला,अंकित शुक्ला श्रीमती विनीता अग्निहोत्री ने किया।

### माता-पिता के मूल्यों को स्थापित रखना बड़ी बात :राजेश पांडे



अध्यक्ष की आसंदी से वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडे ने सम्मानित व पुरस्कृत पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि अरुणोदय -2022 एक ऐसे संकल्प की झलक दिखाता है जिसे आशीष शुक्ला इतने वर्षों से कर रहे। माता पिता के मूल्यों को स्थापित रखना बड़ी बात है। आशीष ने यह सिलसिला जारी रखा। सत्य और विश्वसनीयता का अभाव हर क्षेत्र में है। पत्रकारिता में भी यह संकट है। प्रह्लाद पटैल जी के गुण प्रेरणा देते हैं । वे अच्छे इंसान और नेता है। हमें महात्मा गांधी की पत्रकारिता को याद करना पड़ेगा। इंडियन ओपिनियन नामक अखबार उन्होंने निकाला और दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के साथ होने वाले शोषण की आवाज बुलंद की। गांधी ने 3 अखबार निकाले। पत्रकारिता को वे मिशन और सेवा का जरिया मानते थे इसलिए विज्ञापन नहीं लेते थे। वे कहते थे सच और अपनी बात कहने की आजादी का पालन पत्रकार को करना चाहिए लेकिन जिन मूल्यों को लेकर चल रहे है उसकी विश्वसनीयता बरकार रहे। आजादी की पहले की पत्रकारिता के तेवर अलग थे। लेकिन आर्थिक उदारीकरण के बाद पत्रकारिता का चेहरा बदल गया। पत्रकारिता में व्यावसायिकता हावी हो गई। अब दैनिक अखबार में खर्चे इतने ज्यादा की लोगों को समझौते करने पड़े। 90 के दशक के बाद यह ज्यादा मुश्किल हो गया। 90 कि दशक के बाद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उभरा। फि र डिजिटल मीडिया सामने आया । अब सबसे ज्यादा मार प्रिंट मीडिया पर पड़ा लेकिन सबसे ज्यादा भरोसा भी प्रिंट मीडिया पर होता है। आप भले ही पूंजी लगाकर ज्यादा पेज के कलर अखबार निकाल लें लेकिन भरोसा होना जरूरी है। उन्होंने मप्र के पत्रकार राजेन्द्र माथुर और प्रभाष जोशी ने पूरे भारत में हिंदी पत्रकारिता पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। इन पत्रकारों से हमें सीख मिलती है। अगर आप अच्छा लिखना चाहते है तो आपको अच्छा पढना़ चाहिए। जब शब्दकोश रहेगा तभी आप लिख पाएंगे। पढ़ाई का दायरा अधिक विषयों तक होना चाहिए। इन सब चीजों का पालन किया जाए तो विश्वसनीयता और ईमानदारी हासिल की जा सकती है। अगर किसी के बारे में खबर लिखी जाए तो उस व्यक्ति से भी बात की जानी चाहिए। इस भन्य आयोजन के लिए आशीष शुक्ला को बधाई।


### आपका हृदय से स्वागत- आशीष शुक्ला



कार्यक्रम के आयोजक यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मैं यहां पहुंचे सभी सम्मानीय अतिथियों का हृदय से स्वागत करता हूँ। यह पहला मंच होगा कि जहां पत्रकार चयन करते है कि किन पत्रकारों को पुरष्कृत किया जाए। इस विशेष अवसर पर मैं स्वागत उन लोगों का करना चाहता हूं जो अपना बहुमूल्य समय निकालकर कार्यक्रम में आए। मैं आपके एक-एक पल का ऋ ण तो नहीं चुका सकता। मैं आप सभी लोगों के माता-पिता के चरणों को प्रणाम करते हुए सभी का स्वागत करता हूं।

### माता-पिता के प्रति संस्कारों के साथ फर्ज निभाना आशीष से सीखें- बिसेन

जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति पी.के. बिसेन ने एक अहम मुद्दे को सामने लाते हुए कहा कि आज के समय में एक ऐसा संकट है कि सामूहिक परिवार टूटते जा रहे है,



एकल परिवार प्रथा शुरू हो चुकी है। अब हर शहर में वृद्धाश्रम खुलने की मांग होने लगी है। पर क्या ये संस्कार है। माता-पिता के प्रति अपने संस्कारों के साथ फर्ज् निभाना कोई सीखे तो आशीष शुक्ला से। उन्होंने कहा कि आज यहां तीन पीढिय़ां उपस्थित हैं। इनमें से एक पीढ़ी को ईश्वर से शिकायत है तो दूसरी पीढ़ी कामना करती है। तीसरी पीढ़ी ईश्वर का धन्यवाद देती है। हम जैसे बुजुगज् पीढ़ी के लोग जिनकी अब संतान नहीं हो सकती, वे ईश्वर से शिकायत करते हैं कि हमें आशीष शुक्ला जैसी संतान क्यों नहीं दी। दूसरी पीढ़ी ईश्वर से कामना करती है कि हे ईश्वर हमें आशीष शुक्ला जैसी संतान दे जो अपने माता पिता का नाम जिंदगी भर रोशन करे और एक पीढ़ी वह है जो आशीष शुक्ला से सम्मान पाकर धन्य होती है। जाबालि ऋषि की तपोभूमि, संस्कारधानी। जब इसे कहा जाता है तब चिंतन। आचार्य विनोबा भावे जी ने क्या बात देखी थी जो जबलपुर को संस्कारधानी कहा था, शायद आशीष शुक्ला जैसे व्यक्ति से ही उनकी मुलाकात हुई होगी। जिनमें संस्कार और समर्पण एक साथ है।

### बड़ा कठिन काम है योग्य लोगों में से विशेष योग्यता का सम्मान करना : संजय शर्मा

विशिष्ट अतिथि की आसंदी से तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा ने कहा कि बड़ा कठिन काम है योग्य लोगों में से विशेष योग्यता का सम्मान करना। आज के समय में चौथे स्तम्भ की समाज को आवश्यकता है। देश मे क्या घटित हो रहा है, उससे सबको अवगत कराने की जिम्मेदारी पत्रकारों की होती है। इससे बेहतर



कार्यक्रम नही हो सकता। सभी को शुभकामनाएं। अगर कोई अच्छा कायज् करे तो पॉजिटिव खबर भी दें। विधायकश्री शर्मा ने कहा कि पत्रकारों का सम्मान व पुरस्कार यह जो कार्यक्रम आयोजित हुआ है इसमें शामिल होकर मैं बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह कार्यक्रम कहीं ना कहीं युवा पत्रकारों को एक प्रेरणा देता है। उन्होंने आशीष शुक्ला को साधुवाद देते हुए कहा कि कि वे ऐसा कार्यक्रम दो दशक से करते आ रहे हैं जो पत्रकारों के लिए एक प्रेरणा ीति बना हुआ है।

### यह आयोजन एक अनुष्ठान है- प्रो कपिल देव मिश्र

रानी दुर्गावती विवि के कुलपति प्रो कपिल देव मिश्रा ने कहा कि अरुणोदय 26 वर्षों से चला आ रहा है। यह 27 वां वर्ष है। हम 27 नक्षत्रों की बात भी करते हैं वह अनुकूल हों, मैं आशीष और सभी को बंधाईयां देता हूं। सभी का सम्मान करता हूं। यह आयोजन एक अनुष्ठान है । सच में अरुणोदय एक ऐसी परंपरा है। जब से मैं विवि में आया हूं, सदैव उपस्थित हुआ



हूं। यह एक ऐसा अनुष्ठान है,जो हम सब कहते है ऋ ण तीन प्रकार के होते है, देव ऋण, ऋषि ऋ ण और पितृ ऋ ण। आशीष पितृ ऋण से तो मुक्त हो ही रहे है साथ ही देव और ऋषी ऋ ण से भी मुक्त हो रहे है। उस आदर्श को जो स्व. अरुण शुक्ला जी ने स्थापित किया है,राजतरंगनी में कहा गया है कि कवि या लेखक वहीं प्रणम्य है, जो राग, द्वेश से मुक्त हो। उस परंपरा को आशी अपने पिता स्व. अरुण शुक्ला जी की याद में स्थापित कर रहे है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद यह इतिहास लिखा जा रहा है। भारत में ही नहीं विश्व में यह परंपरा जाएगी। मैं सभी को बंधाईयां देता हूं।

### ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए : कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी



कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी और अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम पहली बार देख रहे हैं कि जहां सभी पत्रकारों को सम्मानित और पुरुष्कृत किया जा रहा है। ऐसे आयोजन में शामिल होना गौरव की बात है। कार्यक्रम के बाद कलेक्टर और अपर कलेक्टर ने नवनिर्मित यशभारत कार्यालय का अवलोकन किया।

### आभार प्रदर्शन



डॉ रश्मि शुक्ला ने अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों की गरिमामय उपस्थिति सभी पत्रकारों में एक नयी ऊर्जा का संचार कर गयी। उन्होंने उपस्थित जनों का भी आभार जताया कि जिन्होंने इस आयोजन में आकर हमें संबल प्रदान किया।

### आयोजन समिति

आयोजन समिति में शरद जैन पूर्वमंत्री, अवधेश कटारे, उदयभान सिंह,पर्व जायसवाल,राजुल करसोलिया,आदित्य पंडित, अखिलेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, अजेय शुक्ला, सौरभ शुक्ला, अर्पित शुक्ला, अंकित शुक्ला, रुझान, प्रखर,मोनिका, साक्षी, अस्तित्व, अर्थ, सांझ ,यशिका ईशानी शामिल रहे।

### समारोह के साक्षी



# जलापूर्ति पाइप लाइन व्यवस्थित किये बिना फिर गड्ढों में तब्दील होगा डामरीकरण!

**कटनी।** शहर में सड़कों का डामलीकरण किया जा रहा है लेकिन यह डामलीकरण कितने दिन चल पाता है इसका पता नहीं क्योंकि एक बार फिर से बिना पाइप लाइन व्यवस्थित किये डामलीकरण किया जा रहा है। जो जल्द ही गड्डों में नजर आयेगा। आपको बता दें ओव्हर ब्रिज से गर्ग चौराहा तक डामरीकरण कार्य, गर्ग चौराहा से कारगिल चौक गजानन कॉम्पलेक्स होते हुए कमानिया गेट गली मेन रोड तक, हनुमान मंदिर मेन रोड से विश्वकर्मा पार्क, गणेश चौक से सुभाष चौक तक, सुभाष चौक से अहिंसा तिराहा तक, अहिंसा तिराहा से मिशन चौक तक, गर्ग चौराहा से घण्टाघर तक, झण्डा बाजार सड़क, मोहन टाकीज रोड, लक्ष्मीबाई चौक से सीए पटेरिया के घर तक, कोतवाली चौराहा से मुड़वारा स्टेशन, एसबीआई तिराहा से कचहरी चौके आगे तक, तिलक कॉलेज से एसकेपी तिराहा , एम्बुलस रोड मां मेडिकल से विनय बुक डिपी तक पैच मरम्मत कार्य, 11 वार्ड नं 5 एवं 8 में (बड़े हनुमान मंदिर से रविदास तिराहा तक, गोपाल डेंटल से अशोक जैन के घर तक, शेर चौक रोड व कैलवारा रोड) विभिन्न स्थानों में पैंच मरम्मत कार्य, डामरीकरण कार्य, नवीनीकरण कराया जा रहा है। इसमें से कई सड़कों का डामलीकरण हो गया है। वहीं पीरबाबा से कलेक्ट्रेट होते हुए माधवनगर गेट तक पैं, मरम्मत कार्य, चाका हनुमान मंदिर से पन्ना मोड़ तक, माधवनगर में ग्राम पंचायत चौराहा से गुरुद्वारा मोड़, तांगा स्टैण्ड से मेन बाजार, तिलक कॉलेज से एसकेपी मोड, सरस्वती स्कूल मोड़ से चड्डा कॉलेज तक, एम्बुलेंस रोड, जयहिन्द चौक से विनय बुक डिप्रो, यज्ञदत्त मिश्रा से निषाद चौराहा तक, संतनगर चौराहा से भसीन चौराहा तक, बिलहरी मोड़ से कटायेघाट मोड़ तक, हनुमान मंदिर चाका से बस स्टैण्ड तक, मानसरोवर कॉलोनी, बाबा घाट रेलवे ब्रिज से मंगलनगर सीसी रोड, कैलवारा मोड़ से रविदास तिराहा तक, शांति नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की विभिन्न सड़कों की मरम्मत होनी है।



# स्वप्न बना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट
# नदियां बन गईं दलदल



**कटनी।** कटनी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सिर्फ के कागजी सपना बन कर रह गया। इस वजह से कटनी की जलजीवन दायनी कटनी नदी सहित शहर के भीतर से गुजरने वाली उसकी सहायक नदियां पूरी तरह से सूख चुकी हैं या फिर दलदल बन गईं हैं। इसके पीछे कारण है वो गंदे नाले जो नदियों में मिलते हैं। शहर के करीब 91 नाले कटनी नदी को प्रदूषित कर रहे हैं। इन नालों का पानी नदी में जाकर मिलता है। इससे नदी प्रदूषित हो रही है। नालियों का पानी सीधे तौर पर नदी में जाकर मिलता है और नदी के पानी को भी गंदा कर देता है। नाले-नालियों के पानी को ट्रीटमेंट करने के लिए अभी कोई प्लांट नहीं लगाया गया है। काफी लंबे अर्से से शहर के सभी वार्डों के नाले-नालियों का पानी सीधे तौर पर नदी में मिल रहा है। नगर निगम कार्यालय में नाले-नालियों की संख्या के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार है कि शहर में 91 नाले-नालियां है। ये संख्या शहर के 45 वार्डों के नाले-नालियों की है। छोटी-छोटी नालियों पानी जाकर बड़े नालों में मिलता है और फिर बड़े नाले का पानी नदी में जाकर मिल जाता है। नालों का पानी नदी में मिलने के कारण नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है। कटनी नदी की मौजूदा स्थिति काफी खराब हैं। सबसे अधिक नाले-नालियों की बात करें तो उनमें गुरूनानक वार्ड और रघुनाथ वार्ड शामिल हैं। इन दोनों वार्डों में अधिक नाले-नालियां। गुरूनानक वार्ड में दिलबहार चौराहा से खिरहनी फाटक तक, पुराने यातायात पुलिस चौकी के दोनों ओर, सोना बेकरी से काश्मीर हार्डवेयर, शनिदेव से अग्रवाल धर्मशाला के पीछे तक, सब्जी मंडी से पुत्री शाला स्कूल तक, नसरवान बाड़ा से गजानक कॉम्पलेक्स, महालक्ष्मी धर्मशाला के पीछे से सब्जी मंडी मोड़ तक सात नाले-नालियां हैं। इसी तरह रघुनाथ गंज वार्ड में तेली बाड़ा में, जैन होटल से खेरमाई के पीछे, सुभाष चौक, ज्वाला चक्की से राजस्थान विवाह भवन और गर्ग चौराहे तक, वीनस होटल से सिंधी धर्मशाला, विनायक होटल से नारायण दास दाल मिल तक बड़ा नाला हैं। इस वार्ड में भी सात छोटे-बड़े नाले हैं।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 21 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# अतिक्रमण चिन्हित होने के बाद भी नहीं हटे अवैध कब्जे

## चांडक चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण में प्रशासन एवं नगर निगम के अफसर नहीं ले रहे रूचि

यश भारत खबर विशेष


**कटनी। जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण के लिए सर्वे किए जाने के करीब 20 दिन बाद भी अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है। नगर निगम और राजस्व अमले द्वारा इस मार्ग पर करीब तीन सैकड़ा से ज्यादा अवैध कब्जों को चिन्हित किया गया है। अबइन्हें तोड़ने की कार्यवाही नजूल विभाग द्वारा की जाना है, इसके लिए प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर के पास भेजा जाना है, लेकिन अभी तक प्रतिवेदन तैयार नहीं हो पाया है। पिछले कई सालों से अधर में लटकी इस योजना को मूर्तरूप देने के प्रति नगर निगम और जिला प्रशासन का रवैया उदासीन नजर आ रहा है।**

गौरतलब है कि जगन्नाथ तिराहा से लेकर गर्ग चौराहा तक शहर का मुख्य मार्ग बेहद सकरा है। इस मार्ग पर दिन में कईयों बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। जालपा वार्ड, कनकने स्कूल, घंटाघर और आसपास के क्षेत्रों में ट्रांसपोर्ट संचालन की वजह से लोडर वाहनों के साथ ही बड़े वाहनों का आना-जाना इसी मार्ग से होता है, जिसकी वजह से जाम लग जाता है। यह मार्ग पुरानी बसाहट के अनुसार है। इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत जगन्नाथ चौक से जुहला बायपास तक के मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 10 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई थी। स्वीकृति के बाद से ही जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक के संकरे मार्ग से निजात मिलने की लोगों में उम्मीद जगी थी, लेकिन इस योजना का क्रियान्वयन अभी तक नहीं हो सका है। करीब 20 दिन पहले नगर निगम और राजस्व अमले द्वारा नए सिरे से मार्ग का सीमांकन किया गया। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण, आकृतियां, निजी मकान, नजूल में बने मकान व दुकान आदि चिन्हित किए गए। चांडक चौक से गर्ग चौराहा तक चिन्हित शासकीय व निजी भूमि की जानकारी तैयार कर प्रतिवेदन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके बाद इस मार्ग के चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू होगी लेकिन इसके बावजूद अब तक न तो प्रतिवेदन तैयार हुआ है और न ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो पाई है। इस बार सेंटर प्वाइंट को आधार मानकर जो संरचनाएं आड़े आ रही हैं, उन्हें तोड़ा जाएगा। मार्ग संकीण होने के कारण यातायात दबाव कम करने के लिए पूर्व में हुए सीमांकन के अनुसार सेंटर प्वाइंट को आधार मानकर प्रारंभिक सर्वे किया गया है। कुछ मकान नजूल की भूमि में हैं व कुछ अतिक्रमण में है। कई मकान निजी हैं। इसमें मुआवजा आदि प्रकरण के लिए नीतिगत निर्णय के बाद आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें घंटाघर सहित कई स्थानों पर लोगों ने कब्जा की बड़ी बिल्डिंगें तान रखी हैं।





### 20 दिन पहले नगर निगम और राजस्व अमले ने की थी नापजोख



पिछले दिनों नगर निगम और राजस्व अमले द्वारा की गई नापजोख का दृश्य।

### 342 अतिक्रमण चिन्हित किए प्रशासन ने

जानकारी के अनुसार जगन्नाथ चौक से जुहला बाइपास तक करीब 342 अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे। नगर निगम प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों के कब्जाधारियों को नोटिस देकर खुद कब्जे हटाने आग्रह किया था। उसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई की जानी थी, लेकिन जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक यह प्रक्रिया पहुंच पाती, उससे पहले ही इस पर रोक लग गई। गर्ग चौराहा और ओवर ब्रिज से जुहला बाइपास तक तीन पार्ट में सड़क का निर्माण होना था लेकिन कार्रवाई बीच में ही रुक गई। इस कार्रवाई में सिर्फ अतिक्रमण ही हटाए जाएंगे और किसी भी प्रकार से भूमि का अधिग्रहण नहीं होना था। लेकिन अब सेंटर को आधार मानकर नापजोख की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नजूल की जमीन पर कब्जा पाया गया। अब इन्हीं कब्जों को हटाने में पसीना आ रहा है। अब देखना है कि इस मार्ग पर निर्मित बेजा कब्जों को हटाने की कार्यवाही कब तक शुरू होती है।

### तीन चरणों में चल रहा काम

इस पूरी योजना को तीन चरणों में पूरा किया जा रहा है। पहले फेज में खिरहनी ओव्हर ब्रिज एंड पर मस्तराम अखाड़ा से लेकर जुहला रपटा पेट्रोल पंप तक अतिक्रमण हटाकर सड़क का चौड़ीकरण किया गया। जागरुक नागरिकों का कहना है कि यहां मानकों के अनुसार सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ। यहां पर मास्टर प्लान तो छोड़िए मॉडल प्लान के अनुसार भी सड़क नहीं बनी। जितनी सड़क बनी है, वह किसी समस्या से भी कम नहीं है। अभी तक पूरा मार्ग बना नहीं और बीच सड़क के अब तक ठूंठ नहीं हटवाए गए।

### इनका कहना है

जगन्नाथ तिराहा से गर्ग चौराहा तक सड़क के चौड़ीकरण के लिए पिछले दिनों नगर निगम एवं राजस्व अमले द्वारा सर्वे किया जा चुका है। सर्वे के दौरान जिन लोगों के मकान नजूल की जमीन पर चिन्हित किए गए हैं, उन्हें तोड़ने की कार्यवाही की जाना है। नजूल विभाग द्वारा चिन्हित शासकीय व निजी भूमि की जानकारी तैयार कर प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है, जिसके बाद इस मार्ग के चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**-सुनील सिंह, उपयंत्री, नगर निगम**

# डेढ़ सैकड़ा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

### उमरियापान में धर्मलोक हॉस्पिटल ने लगाया शिविर, आयुष्मान एवं इंश्योरेंस कार्डधारियों को मिला लाभ





**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान के सरस्वती शिशु मंदिर में धर्मलोक हॉस्पिटल कटनी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसूति स्त्री, बांझपन, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण, नाक, कान, गला, लेप्रोस्कोपिक सहित सभी मर्जों से पीड़ित 100 से 150 मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्डधारी एवं इंश्योरेंस कार्डधारी मरीजों का धर्मलोक हॉस्पिटल में निःशुल्क इलाज किया जाता है। आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस कार्डधारियों के विषय में जानकारी दी गई और स्वास्थ्य लाभ भी मिला। शिविर में धर्मलोक हॉस्पिटल के डॉ. राजेश बत्रा जर्नल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ. हर्षा बत्रा प्रसूति स्त्री एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजशेखर हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ, डॉ. निशा श्रीवास्तव नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ, सुनील श्रीवास धर्मलोक हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर, राजकुमार, सुदामा पटेल, जागेंद्र सिंह, रुचि कुशवाहा, सोना पांडे, दीपा गुप्ता, शीला सिंह, भारती बर्मन सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।






# अपनी कल्पनाओं को कैनवास में उकेरा युवा प्रतिभाओं ने

### सिटी मॉल में आर्ट एग्जीबिशन सप्ताह का शुभारंभ

कटनी। कला के क्षेत्र में शहर की उभरती हुई प्रतिभाओं द्वारा आर्ट एग्जीबिशन सप्ताह का शुभारंभ सिटी मॉल कटनी में किया गया। इस कैनवास क्रिएशन में शहर की नवोदित कलाकार कुमारी रिया जैन, जिन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से मास्टर आफ फाइन आर्ट की उपाधि प्राप्त की है एवं कुमारी गरिमा बजाज बैचलर आफ फाइन आर्ट राजा मानसिंह तोमर यूनिवर्सिटी ग्वालियर के द्वारा आयल, पेस्टल, चारकोल, पेंसिल आदि विभिन्न माध्यमों के द्वारा पोट्रेट, मॉडर्न आर्ट, एब्स्ट्रेक्ट, क्रिएटिव आदि विविध विधाओं के द्वारा अपनी कल्पनाओं को कैनवास में उकेरा गया है एवं रंगोली भी भरी गई है। शहर के कला प्रेमियों के द्वारा इन पेंटिंग का अवलोकन कर इन नवोदित प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया जा रहा है और इस क्षेत्र में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कलाकारों कि नगर के कला प्रेमियों एवं नागरिकों से अपेक्षा है कि वह इस प्रदर्शनी में पहुंचकर उनकी कला का अवलोकन करें एवं उनका उत्साहवर्धन करें।



नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
VALIMAI
(हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
सी. आर. एम.
डे केयर क्लीनिक
डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)
डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस, हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)
पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।




Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 2 दिन
रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से



बधाई दो
कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्ढा, हनी यादव आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 2 दिन



रोजाना 3 शो ता. 18 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से
UNCHARTED
(हिन्दी में)
कलाकार- टॉम होलेंड, सोफिया टेलर, एनटोनियो, ब्रायन क्रेस्टन आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से 12,4, 6 एवं रात्रि 10 बजे से



VALIMAI (हिन्दी में)
कलाकार- अजीत कुमार, हुमा कुरैशी, योगी बाबू, दिनेश प्रभाकर आदि।
Tickets Available on Book My Show

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से 1,3, 7 एवं रात्रि 9 बजे से



गंगुबाई कठियावाड़ी
कलाकार- आलिया भट्ट, अजय देवगन, विजय राज, सीमा पहवा आदि।
Tickets Available on Book My Show

# अवैध उत्खनन रोकने के लिए अन्य राज्यों की नीति अपनाएगा मध्य प्रदेश

**भोपाल।** राज्य सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी मध्य प्रदेश में रेत, गिट्टी का अवैध उत्खनन नहीं रुक रहा है। लिहाजा सरकार अब इस क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले राज्यों की मदद लेगी। खनिज साधन विभाग ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित दो अन्य राज्यों से खनिज नीति की मांग की है। इसमें देखा जाएगा कि संबंधित राज्यों ने किस प्रकार अवैध उत्खनन पर रोक लगाई है और इन राज्यों ने क्या परिणाममूलक प्रयास किए हैं। राज्यों की खनिज नीति का अध्ययन करने के बाद विभाग के अधिकारियों का दल संबंधित राज्यों का दौरा भी करेगा। प्रदेश में पिछले साल खनिज, पुलिस और वन विभाग ने मिलकर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के 1800 प्रकरण दर्ज किए हैं। इनमें 24 हजार 932 घन मीटर रेत जब्त की गई है। एक हजार 792 चार पहिया वाहन जब्त हुए हैं और 23 वाहन राजसात किए गए हैं। इस स्थिति ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है। विभाग की समीक्षा के समय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभाग के अधिकारियों को अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद खनिज विभाग ने इन राज्यों के खनिज विभाग को पत्र लिखकर खनिज नीति की मांग की है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संबंधित राज्य अवैध उत्खनन पर रोक लगाने में कामयाब रहे हैं। अन्य राज्यों से मांगी गई खनिज नीति में यह भी देखा जाएगा कि मध्य प्रदेश में ट्रांजिट परमिट (टीपी), उत्खनन और परिवहन को व्यवस्थित करने के लिए क्या किया जा सकता है।

**उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित दो अन्य राज्यों की खनिज नीति मांगी, राज्यों में अधिकारियों के दल भी भेजे जाएंगे**



### आठ जिलों में अवैध परिवहन-उत्खनन के सबसे ज्यादा मामले

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के लिए प्रदेश के आठ जिले कुख्यात हैं। पिछले साल छतरपुर, ग्वालियर, सीहोर, राजगढ़ और खरगोन में अवैध रेत परिवहन के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। खरगोन, रतलाम, टीकमगढ़, जबलपुर और छतरपुर में सबसे ज्यादा रेत जब्त की गई है।

### सबसे अधिक प्रकरण वाले पांच जिले

जिला -- दर्ज प्रकरण
छतरपुर -- 90
ग्वालियर -- 66
सीहोर -- 64
राजगढ़ -- 59
खरगोन -- 58

इन पांच जिलों में सबसे ज्यादा रेत जब्त (घन मीटर में)
खरगोन -- 3571
रतलाम -- 3151
टीकमगढ़ -- 3135
जबलपुर -- 2119
छतरपुर -- 1805

**-पांच राज्यों से खनिज नीति मंगाई गई है। उसका अध्ययन करने के बाद अधिकारियों के दल संबंधित राज्यों में भेजेंगे। मई-जून तक प्रक्रिया पूरी कर नियमों का मसौदा तैयार करेंगे।**
**- सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव, खनिज साधन विभाग**



## स्पाइस जेट की कमी पूरी नहीं कर पा रही हैं एयर इंडिया और इंडिगो

**भोपाल।** मार्च माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो रहे समर शेड्यूल में इस बार भोपाल को चैन्नई के लिए सीधी उड़ान मिलने जा रही है। बेंगलुरू एवं दिल्ली तक अतिरिक्त उड़ान भी शुरू हो रही है लेकिन सूरत, उदयपुर, शिर्डी एवं जयपुर जैसे शहरों तक सीधी उड़ान की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। तीन साल पहले स्पाइस जेट ने भोपाल में दूसरी बार दस्तक दी थी। कंपनी ने सूरत, उदयपुर एवं शिर्डी जैसे शहरों तक सीधी उड़ान शुरू करने का जोखिम उठाया था लेकिन कंपनी का यह निर्णय सही साबित हुआ। कंपनी को इन तीनों शहरों तक औसत 70 फीसद तक पैसेंजर लोड मिलने लगा। शिर्डी उड़ान में तो कभी-कभी सभी सीटें बुक हो जाती थीं। यात्रियों को सीट नहीं मिलने पर निराश होना पड़ता था। कोरोना की पहली लहर के समय ही कंपनी ने भोपाल से अपना बेस स्टेशन बंद कर दिया। स्पाइस जेट बंद होने की भरपाई अभी तक नहीं हो सकी है।



## सरकारी कार्यालयों को बेचे जाएंगे कैदियों के बनाए उत्पाद

### 30 प्रतिशत तक का मुनाफा लेगा जेल विभाग

**भोपाल।** जेलों में कैदियों के बनाए उत्पाद अब सरकारी कार्यालयों में 20 और निजी संस्थाओं में 30 प्रतिशत के मुनाफे में बेचे जाएंगे। उत्पादों से होने वाले मुनाफे की राशि कैदियों के कौशल उन्नयन और जेल से बाहर आने के बाद उनके पुनर्वास पर खर्च की जाएगी। इसे लेकर राज्य सरकार ने जेल उद्योग सिद्धदोष व्यक्तियों के नियोजन और बंदी पुनर्वास के नियम 2021 जारी कर दिए हैं। जेल में लगाए जाने वाले नए उद्योगों का चयन करने के लिए महानिदेशक जेल की अध्यक्षता में समिति बनेगी, जो अंतिम निर्णय लेगी। उद्योग के लिए कच्चे माल की पूर्ति और तैयार उत्पाद बेचने के लिए भी नियम तय कर दिए हैं। नए नियमों के तहत जेल उद्योगों के लिए एक कोष गठित किया जाएगा। इसमें उत्पादों की बिक्री से प्राप्त आय और सरकार से मिलने वाली अनुदान राशि जमा की जाएगी। महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं इस खाते का संचालन करेंगे। उद्योग की स्थापना या संचालन के लिए किसी जेल द्वारा राशि मांगी जाती है तो महानिदेशक जेल राशि जारी करेंगे। वहीं जेल अधीक्षक के नाम से अलग खाता खोला जाएगा, जिसमें उद्योग की राशि रखी जाएगी।

### जेलों में संचालित होते हैं ये उद्योग

केंद्रीय जेल भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, रीवा, सतना, नरसिंहपुर, बड़वानी, होशंगाबाद आदि में पावरलूम, बुनाई, बढ़ईगिरी, लौहारी, सिलाई, प्रिंटिंग प्रेस, चप्पल, चित्रकारी, महिलाओं के लिए सिलाई, गुड़िया बनाना, फिनाइल उत्पादन, चमड़ा, स्टील, बुनाई फेब्रिकेशन, कम्बल, मूर्ति निर्माण आदि काम किए जाते हैं।

## अब ड्रोन उड़ाना सीखेंगे किसान

### किसानों को किराए पर मिलेंगे ड्रोन, उड़ाने का भी दिया जाएगा प्रशिक्षण



**भोपाल।** खेतों में तरल खाद या कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए अब किसानों को स्प्रे पंप या श्रमिकों की तलाश में भटकना नहीं होगा। इस काम को सरल बनाने के लिए उन्हें किराए पर गांवों में ही ड्रोन किराए पर मिल जाएंगे। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार कस्टम हायरिंग सेंटर का विस्तार करने जा रही है, जिसकी घोषणा बजट में की जा सकती है। कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय ने योजना का प्रारूप तैयार कर लिया है। इसमें ड्रोन उड़ाने के लिए कौशल विकास केंद्रों से स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा, जो निश्शुल्क होगा। केंद्र सरकार ने किसानों की सहूलियत के लिए कृषि कार्यों में यंत्रीकरण को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। बजट में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रविधान भी किया है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने भी कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किसानों को नैनो यूरिया खाद के साथ कीटनाशक के छिड़काव के लिए ड्रोन किराए पर उपलब्ध कराने की कार्ययोजना बनाई है। प्रदेश में अभी तीन हजार 150 कस्टम हायरिंग सेंटर हैं। इनके माध्यम से किसानों को खेत तैयार करने, बोवनी और कटाई के लिए उपकरण किराए पर मिलते हैं। अब इसमें ड्रोन सेवा को भी शामिल किया जा रहा है। इसके लिए ड्रोन सेवा का संचालन करने के इच्छुक केंद्रों के प्रस्ताव लेकर बैंकों को ऋण स्वीकृति के लिए भेजे जाएंगे। साथ ही अनुदान भी दिलाया जाएगा। ड्रोन डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) से मान्यता प्राप्त संस्था से ही लिए जाएंगे। इसके लिए अनुबंध किया जाएगा।

### इंदौर में खुलेगा कौशल विकास केंद्र

कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय इंदौर में कौशल विकास केंद्र खोलने जा रहा है। अभी भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और सतना में कौशल विकास केंद्र हैं। यहां ट्रैक्टर और हार्वेस्टर चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इन केंद्रों में ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण भी दिलवाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न् कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है।

### चार लाख रुपये तक मिलेगा अनुदान

संचालक कृषि अभियांत्रिकी राजीव चौधरी ने बताया कि खेती में तरल खाद का उपयोग बढ़ रहा है। कीटनाशक की जरूरत भी अधिकांश फसलों में पड़ने लगी है। ड्रोन से यह काम बहुत आसान हो जाएगा और समय भी बचेगा। हमारे कस्टम हायरिंग सेंटर बेहतर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि मंत्री कमल पटेल की मंशा के अनुरूप इनके माध्यम से ही ड्रोन की सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। ड्रोन लेने पर अधिकतम चार लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। स्थानीय युवाओं का चयन करके उन्हें इसे उड़ाने का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।



## भोपाल पुलिस को नगर निगम ने हराया

**भोपाल।** रवि नरवरे की घातक गेंदबाजी (पांच विकेट) के दम पर इंटर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में नगर निगम भोपाल ने भोपाल पुलिस को 24 रनों से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में फरहान इलेवन ने मीडिया मास्टर्स को शिकस्त दी। स्थानीय ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए मुकाबले में नगर निगम भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 157 रनों की पारी खेली। इरशाद ने 72 रन, अरविंद ने 27 रन, मनाजिर 24 रन का योगदान दिया। फिरोज ने तीन, रियाज़, दीपक ने दो दो विकेट चटकाए। जवाब में भोपाल पुलिस की पूरी टीम 17.5 में 133 रनों से पराजित किया। इसमें भीम ने 23 रन, फिरोज ने 22 रन की पारी खेली। नगर निगम के रवि नरवरे ने पांच विकेट हासिल किए। ईसा पठान ने चार विकेट प्राप्?त किए। नगर निगम ने 24 रन से मैच जीता। रवि नरवरे मैन आफ द मैच बने। एक अन्य मुकाबले में मीडिया मास्टर्स ने पहले बल?लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 132 रनों का स?कोर खड़ा किया। इसमें अनूप दुबे ने 38, आनंद रजक ने 33 रनों की पारी खेली। फरहान फैंस क?लब के शारिक ने तीन, अजहर ने दो विकेट लिए। जवाब में फरहान फैंस मास्टर्स ने 15 ओवर में चार विकेट खोकर ङ्क 135 रन बनाकर मैच छह विकेट से जीत लिया। अम्बिया खान ने 48 व रेहान ने 30 रन का योगदान दिया। मीडिया मास?टर्स के रामेश्वर भार्गव, विवेक साध?य व आरके यदुवंशी ने एक एक विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अम्बिया खान चुन गए।

## 6 निजी आयुर्वेद विश्वविद्यालयों को मिली मान्यता



### प्रदेश में 10 नए आयुर्वेद कालेज शुरू होने से 700 सीटें बढ़ जाएंगी प्रदेश में अब आयुर्वेद की 1800 से ज्यादा सीटें हो गई है

**भोपाल।** आयुर्वेद कालेजों में दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों के लिए अच्छी खबर है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने भोपाल में छह नए निजी आयुर्वेद कालेजों को मान्यता दी है। इनमें इसी सत्र (2021-22) से दाखिले होंगे। इसके अलावा सीहोर में दो और इंदौर और जबलपुर में एक - एक नया निजी कालेज शुरू करने की अनुमति दी गई है। नए कालेजों के साथ भोपाल में 15 आयुर्वेद कालेज हो गए हैं। इनमें 14 निजी और एक सरकारी है। प्रदेश में कुल 29 आयुर्वेद कालेज हो गए हैं। प्रदेश में अब आयुर्वेद की 1800 से ज्यादा सीटें हो गई हैं निजी आयुर्वेद महाविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डा. राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में 10 नए आयुर्वेद कालेज शुरू होने से 700 सीटें बढ़ जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब आयुर्वेद की 1800 से ज्यादा सीटें हो गई हैं। भोपाल में जिन नए कालेजों को मान्यता मिली है, उनमें रामा कृष्णा कालेज आफ आयुर्वेद गांधी नगर, सरदार अजीत सिंह स्मृति आयुर्वेद कालेज, सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद कालेज, मानसरोवर आयुर्वेद कालेज, आयुर्वेद विभाग आइईएस यूनिवर्सिटी और डा. शंकर दयाल शर्मा आयुर्वेद कालेज भौरी शामिल हैं। सीहोर में स्कूल आफ आयुर्वेद एंड सिद्धा,इंदौर में आरएन कपूर मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज, जबलपुर के पूर्णायू आयुर्वेदिक कॉलेज को भी मान्यता मिली है। इन सभी कालेजों को अनुमति ( लेटर ऑफ परमीशन ) 18 फरवरी को जारी की गई है। बता दे कि प्रदेश में आयुष स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पहले चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया चल रही है। पसंदीदा कॉलेजों के लिए 20 फरवरी तक चॉइस फिलिंग का समय था। पंजीकृत उम्मीदवारों में से उनकी मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन 24 फरवरी को किया जाएगा।

## बूथ स्तर तक बनाएं टीम-कमलनाथ

### चुनाव में इंटरनेट मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी




**भोपाल।** आज के मतदाता और पहले के मतदाता में जमीन-आसमान का अंतर है। आज इंटरनेट मीडिया से युवा को हर जानकारी मिल जाती है। ऐसे में हमें भी अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। आगामी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में इंटरनेट मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, इसलिए मतदान केंद्र स्तर तक टीम बनाएं। भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का तथ्यों के साथ उत्तर दें। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में डिजिटल सदस्यता की जानकारी देने के लिए बुलाई जिला प्रभारी और इंटरनेट प्रभारियों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सदस्यता और घर चलो, घर-घर चलो अभियान को गांव-गांव तक ले जाएं। इसके माध्यम से कांग्रेस की बात को आमजन तक पहुंचाएं और भाजपा सरकार की असफलताएं भी बताएं। अभी तक जितने सदस्य बनाए जा चुके हैं, उनकी रसीद और शुल्क प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा कराएं। पार्टी ने डिजिटल सदस्यता कार्यक्रम प्रारंभ किया है। यह सदस्यता अभियान के साथ-साथ चलेगा। इसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक कार्यकर्ता को नियुक्त करें और सदस्यता का जो लक्ष्य तय किया है, उसे प्राप्त करने में कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने इंटरनेट मीडिया टीम के जिला प्रभारियों से कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए जिले से लेकर मतदान केंद्र स्तर पर टीम बनाएं। सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करें। साथ ही सत्तारूढ़ दल द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए तथ्यों के साथ उत्तर दें। बैठक में जिला प्रभारियों को सेक्टर और मंडलम की कार्यकारिणी बनाने में सहयोग करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, चंद्रप्रभाष शेखर, सज्जन सिंह वर्मा, रवि जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

## इंदौर जिले के हर गांव में मनेगा गौरव दिवस

### ग्रामों में सृजनात्मक कला के पारंपरिक ज्ञान आदि का अभिलेखीकरण कर विकास को बढ़ावा दिया जाएगा



**इंदौर।** हर ग्राम की एक सकारात्मक और विशिष्ट पहचान स्थापित करने के लिए गौरव दिवस मनाया जाएगा। पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ग्राम गौरव दिवस आयोजित कर ग्राम के विकास और कल्याण के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए दूरगामी विकास और कल्याणी की रणनीति बनाई जाएगी जानकारी के अनुसार ग्रामों में सृजनात्मक कला के पारंपरिक ज्ञान आदि का अभिलेखीकरण कर विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके माध्यम से ग्राम से संबंधित विभूतियां जो वर्तमान में हैं एवं पूर्व में थी, से ग्राम की पहचान स्थापित करना, उनके सफल एवं अनुकरणीय कार्यों की जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामों में बंधुत्व की भावना जागृत करना, पारंपरिक खेलों, नृत्य, गायन, भोजन आदि का आयोजन किया जाएगा। कोई एक दिन होगा निश्चित - ग्राम गौरव दिवस मनाने के लिए ग्राम सभा द्वारा कोई एक दिवस निश्चित किया जाएगा। यह दिवस सर्वसम्मति से गांव के किसी एतिहासिक दिवस को, गांव के किसी महापुरुष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महिला या पुरुष के जन्म दिवस को अथवा ग्राम की परंपरा में स्थापित किसी खास दिवस को गौरव दिवस के रूप में मान्य किया जा सकता है। गौरव दिवस में शामिल होने के लिए गांव के ऐसे सफल और अनुकरणीय व्यक्ति जो ग्राम से बाहर रहते हैं, उन्हें आमंत्रण पत्र भेजने के लिए कहा गया है।

### गांव के बुजुर्गों का होगा सम्मान

गौरव दिवस ग्राम सभा में कार्रवाई प्रारंभ होने के पूर्व गांव के बुजुर्ग एवं सम्मानीय जनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही आगामी वर्षों में ग्राम पंचायत के विकास के लिए रणनीति तैयार करने, ज्ञान, कला व सामाजिक मूल्यों के मापदण्डों के आधार पर व्यावहारिक रूप से पूर्ण हो सकने वाले भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए भी कहा गया है। साथ ही ग्राम गौरव दिवस के दौरान की गई कार्रवाई को पंचायत दर्पण पोर्टल पर भी दर्ज करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## शहर में दौड़ी बायो सीएनजी से चलने वाली 25 बसें

**इंदौर।** ट्रेंचिंग ग्राउंड में एशिया का सबसे बड़ा बायो सीएनजी गैस प्लांट का लोकार्पण प्रधानमंत्री के हाथों होने के बाद सोमवार से इस सीएनजी से बसों का संचालन भी शुरू हो गया। अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (एआइसीटीएसएल) द्वारा सोमवार को बायो सीएनजी से चलने वाली 25 बसों को अलग-अलग रूट पर उतारा गया। इनमें शहरवासियों ने बैठकर सफर किया। गौरतलब है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के बायो सीएनजी प्लांट में एक दिन में 500 टन गीले कचरे से 17500 किलो सीएनजी गैस तैयार करने का लक्ष्य है। अभी प्लांट में 300 से 400 किलो गैस तैयार हुई है। इस प्लांट में तैयार होने वाली गैस से इंदौर में 400 सिटी बसें चलाने की योजना है। वर्तमान में एआइसीटीएसएल के पास 50 सिटी बसें आई हैं, जिनमें से 25 बसों का अभी संचालन शुरू किया है। बायो सीएनजी प्लांट में तैयार होने वाली गैस बसों के संचालन के लिए नगर निगम को पांच रुपये कम कीमत में दी जाएगी। इसके अलावा प्लांट लगाने वाली एजेंसी निजी वाहनों को भी सीएनजी उपलब्ध करवाएगी। अभी सिर्फ ट्रेंचिंग ग्राउंड में बने प्लांट परिसर में बायो सीएनजी का पंप तैयार किया है, जहां से बसों को गैस दिए जाने की सुविधा है। आगामी दिनों में रसोमा व राजीव गांधी चौराहे पर बायो सीएनजी के पंप तैयार होंगे। इसे बनाने की जिम्मेदारी अवंतिका गैस एजेंसी को दी गई। इनके बनने के बाद ट्रेंचिंग ग्राउंड के प्लांट में बायो सीएनजी तैयार होने के पश्चात उसे शहर में बनने वाले दो सीएनजी पंपों पर लाकर वाहनों को दिया जाएगा।





# गोबर-धन प्लांट लोकार्पण समारोह का आडिटोरियम में हुआ वर्चुअल प्रसारण

**कटनी।** इंदौर शहर में वेस्ट टू वैल्थ के विजन पर आधारित गीले कचरे से बायो सीएनजी बनाने के एशिया के सबसे बड़े प्लांट गोबर-धन का गत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसका प्रसारण नगर में भी किया गया। कार्यक्रम नगर निगम आडिटोरियम में आयोजित हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि सहित नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे भी मौजूद थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बस स्टेण्ड आडिटोरियम के साथ ही मुख्य बाजार स्थल सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन चौराहा व उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में भी किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 को लेकर आयोजित प्रतियोगिता में नगर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया। सर्वेक्षण को लेकर आयोजित स्कूल स्तर पर प्रतियोगिता, पोस्टर डिजाईन, स्वच्छ हॉस्पिटल, व्यापारी संघों सहभागिता, स्वच्छ स्कूल, नुक्कड़ नाटक, म्यूरल आर्ट, चौपाटी परिसर की स्वच्छता को लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप को उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में सेवाएं देने के लिए ब्रांड एम्बेस्डर, सायना स्कूल, बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम स्कूल, डीएव्ही स्कूल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा गोबर धन बायो सीएनजी प्लांट के संबध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्लांट में प्रतिदिन 550 टन गीले कचरे का प्रसंस्करण किया जा सकता है। साथ ही प्रतिवर्ष 1.30 लाख टन कार्बन डायआक्साईड के उत्सर्जन में कमी आएगी। किसानों को प्रतिदिन 100 टन जैविक खाद की उपलब्धता के साथ ही प्रतिवर्ष 2.50 करोड की अतिरिक्त आय, प्रतिदिन 17-18 टन सी.एन.जी का उत्पादन व नागरिकों की सुविधा के लिए 400 सिटी बसों के लिए इंधन की सुनिश्चितता हो सकेगी। इस दौरान निवृतमान पार्षद लक्ष्मी बाई कोल, संजय दुबे, भाजपा नेत्री सपना सरावगी, ब्रांड एम्बेस्डर मंजूषा गौतम, रेखा अंजू तिवारी, लता खरे, राजेश तिवारी, अधिकारी कर्मचारी, गैर शासकीय संस्थाओं के पदाधिकारी, पर्यावरणविद, महिला स्वसहायता समूह, स्वच्छताकर्मी, स्वच्छता प्रहरी सहित आम नागरिकों की उपस्थिति रही।

## स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों का किया गया सम्मान



## रिबन काटकर किया थैला बैंक का शुभारंभ

कार्यक्रम में अतिथियों ने थैला बैंक का शुभारंभ रिबन काटकर किया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा व निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश में नगर के पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए थैला बैंक की स्थापना की गई है जो चौपाटी से संचालित किया जाएगा। थैला बैंक में नागरिक घर से पुराने कपड़े लाकर बैंक में जमा करते हुए दो रूपये देकर थैला प्राप्त कर सकेंगे।

# एसपी ने बच्चों की कविता पर बजाई तालियां, पढ़ाया पाठ

### पुलिस अधीक्षक सुनील जैन ने आंगनबाड़ी केन्द्र को लिया गोद, बच्चों के साथ बिताया समय





**कटनी।** जमीन पर बैठे पुलिस अधीक्षक, सामने अपनी तोतली जुबान से कविता सुनाते बच्चे और उनकी कविता पर तालियां बजाते पुलिस अधीक्षक। यह नजारा नगर की आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 155 में देखने को मिला। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ कर बाल रूचि अनुरूप बनाने के लिए एडाप्ट एन आंगनबाड़ी कार्यक्रम प्रारंभ किया है। जिसके अंतर्गत जिले में भी केन्द्रों को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को गोद देने का कार्य किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 155 को शनिवार को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने योजना के तहत गोद लिया। केन्द्र में पहुंचे एसपी श्री जैन ने बच्चों से चर्चा की और गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही बच्चों को टॉफी, खिलौने आदि भी वितरित किए। श्री जैन ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर उनसे पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने केन्द्र में सिखाई जा रही कविताएं गाकर सुनाई तो उन्होंने बच्चों को पाठ भी पढ़ाया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह से बच्चों के समुचित विकास, केन्द्र में आयोजित होने वाली गतिविधियों के संबंध में भी पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने जानकारी ली। साथ ही कहा कि वे समय-समय पर केन्द्र में आकर शासन की मंशानुसार कार्य करेंगे। इस दौरान माधवनगर थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महाराणा प्रताप वार्ड में जन जागरूकता अभियान चलाकर दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

### घर चलो, घर-घर चलो अभियान



**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश जैन के नेतृत्व में घर चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत महाराणा प्रताप वार्ड में जन जागरूकता अभियान चलाकर कांग्रेस सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मिथलेश जैन, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जालिम यादव, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, युवा कांग्रेस जिला सचिव रौनक खंडेलवाल, महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ अध्यक्ष मीना सिंह बघेल, सूचना अधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष पार्थ समाधिया, लता खरे, रजनी नायक, रमेश अहिरवार, दीपक केसरवानी, मोहन निषाद, नानू मिश्रा, रजत यादव, ओम प्रकाश यादव, आनंद शुक्ला, लल्लू लाल साहू, संतोष कुमार चौधरी, मनोज कुमार, अजय यादव, संजय ठाकुर, छोटू विश्वकर्मा, नितिन मिश्रा सहित कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता और वार्ड निवासियों ने उपस्थित होकर शिवराज और मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कर लोगों को जागरूक किया।

# ईश्वर कृपा कॉम्पलेक्स में शिविर आयोजित, जमा हुए 5.95 लाख रूपये



**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निगम के बकाया करों की वसूली को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित किये जा रहे शिविरों की श्रंखला में विगत दिवस स्टेशन रोड स्थित ईश्वर कृपा काम्पलेक्स के पास शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी अधिकारी बाजार शाखा एवं राजस्व सुनील सिंह एवं जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित शिविर के दौरान निगम संपत्ति के किरायेदारों की 38 रसीद काटी जाकर 372959, संपत्तिकर की 37 रसीद के माध्यम से 216794 रूपये तथा जलकर की 5 रसीदों के माध्यम से 5996 रूपये कुल 5955749 रूपये निगम कोष में जमा किये गए। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 20 फरवरी को अवकाश के दिन निगम के कम्प्यूटर काउन्टर को खुले रखने सहित एन.के.जे में राणा होटल के पीछे मंदिर के पास संपत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा करनें हेतु शिविर का आयोजन किया जावेगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों से निगम के बकाया करों एवं बकाया दुकान किराये की राशि को जमा कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# विधायक की अनुशंसा पर 3 प्रकरणों में 1 लाख 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कटनी।** बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय की अनुशंसा पर तीन प्रकरणों में कुल 1 लाख 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि संबंधित हितग्राहियों को स्वीकृत की गई है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर द्वारा स्वीकृत राशि का आवंटन जारी करते हुये राशि हितग्राहियों के उपचाररत अस्पतालों के बैंक खाते में प्रदाय किये जाने आदेश जारी कर दिये गये हैं। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार बहोरीबंद के ग्राम सिंदुरसी निवासी भगवत लोधी को 60 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि मेट्रो हॉस्पिटल एण्ड कैंसर रिसर्च सेंटर जबलपुर को प्रदाय की जायेगी। वहीं बहोरीबंद स्लीमनाबाद के ग्राम सिंहुड़ी निवासी हितग्राही प्रांजल मौर्य को उपचार के लिये 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि कृष्णा कैंसर नेशनल हॉस्पिटल भोपाल के खाते में प्रदाय की जायेगी। इसी प्रकार बहोरीबंद बाकल बस स्टेण्ड निवासी अनिल कुमार दुबे को 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि न्यू लाईफ मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल जबलपुर के बैंक खाते में प्रदाय की जायेगी।

# मेहड़ दरबार में सतगुरू बाबा थॉवरदास का बरसी महोत्सव शुरू



**कटनी।** मेहड़ दरबार की दादी साहिबा नानकी देवी के सानिध्य में सतगुरू बाबा थॉवरदास जी का 151वॉ वर्सी महोत्सव 16 फरवरी माघ पूर्णिमा को सत्यनारायण भगवान की कथा से प्रारंभ हो गया। वर्सी महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 17 से 23 फरवरी तक सुखमनी का पाठ प्रतिदिन मेहड़ दरबार में सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक दरबार के सेवक-सेविकाओं द्वारा अपनी इच्छानुसार निरंतर जारी रहेगा। वर्सी साहब के उपलक्ष्य में प्रमुख कार्यक्रम 24 फरवरी, गुरूवार को सुबह 8 बजे गुरू ग्रंथ साहिब की शोभा यात्रा दरबार से निकलेगी एवं शांति नगर भ्रमण के पश्चात् गुरू ग्रंथ साहिब का अखण्ड पाठ आरंभ होगा। 25 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से सत्संग भजन कीर्तन एवं हवन यज्ञ के पश्चात् दोपहर 12 बजे से बच्चों का निःशुल्क जनेऊ संस्कार कार्यक्रम होंगे। इसी दिन सायंकाल 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 26 फरवरी शनिवार को सुबह 9 बजे से पूज्य समाधि स्थल में पूजन के बाद 11 बजे से आम भण्डारा गुरू का लंगर आयोजित होगा एवं दोपहर 1 बजे गुरू ग्रंथ साहब के पाठ को भोग पड़ेगा। 26 फरवरी को ही सुबह 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर प्रमुख डॉक्टरों द्वारा आयोजित होगा एवं उपलब्ध दवाईयों का वितरण भी निःशुल्क किया जायेगा। इसी दिन रात्रि में 9 बजे से सत्संग भजन कीर्तन के पश्चात् वर्सी महोत्सव का पल्लव (आर्शीवाद) समारोह आयोजित होगा। 27 फरवरी रविवार को सुबह 10 बजे से गुरू की पहल (नामदान) दिया जायेगा। अतः सभी धर्मप्रिय जनों व सिख सेवकों से दरबार के भाई नारायण दास (पप्पू भैया) एवं बाबा थॉवरदास सेवा मण्डल कटनी ने निवेदन किया है कि इस महान करिश्माई संत की वर्सी महोत्सव के हर कार्यक्रम में उपस्थित होकर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन सफल बनायें।

# दो पोलियों में सफाई कर हरे स्वच्छता दूत

### गीला- सूखा कचरा डस्टबिन में रखकर कचरा वाहन में पृथक-पृथक देने नागरिकों से की सहयोग की अपील







**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप बनाये रखने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन के स्वास्थ्य अमले द्वारा रोजाना दो पलियों में प्रयास किये जा रहे है। नागरिकों को सफाई की अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सके इस हेतु रोजाना नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक मार्गो, तिराहों, चौराहों, प्रमुख स्थलों सहित अन्य गलियों, नाले-नालियों, मुख्य मार्गो के डिवाइडर, डस्टबिन, कंटेनर, कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराई जाकर नागरिकों के घर से डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखनें के प्रयास किये जा रहे है। सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडरों की सफाई सहित तिलक राष्ट्रीय स्कूल से चांडक चौक होते हुए मिशन चौक तक सफाई एवं चूनें की लाईनिंग, आजाद चौक से शेर चौक, नदीपार बस स्टेण्ड परिसर एवं मुख्य मार्ग, पन्ना मोड, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों, वीर सावरकर वार्ड सती आयरन गली, वेंकट वार्ड नरेन्द्र मार्ग, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित एन.के.जे के पीछे मंगल भवन नेत्र शिविर स्थल, सिविल लाईन, एन.के.जे मुख्य मार्ग, कावसजी वार्ड शमशान भूमि रोड एवं विवेकानंद चौक के पीछे स्थित बस्ती, आचार्य कृपलानी वार्ड पी.डव्ल्यू डी कॉलोनी, ग्राम पंचायत चौराहा पीरबाबा मार्ग, दिलबहार चौराहा की सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग का कार्य कराया गया। नाले नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जालपा देवी वार्ड स्थित रावत गली एवं शर्मा जी के घर के पास, जगमोहन दास वार्ड में सरस्वती स्कूल के सामनें, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित वंशकार बस्ती की नालियों के अपशिष्ट की सफाई कराई जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए। नागरिकों के घरों से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखने एवं निगम के कचरा वाहन में पृथक-पृथक ही देकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत


कचहरी चौक, कटनी

फोनः– 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# वनडे के बाद भारत ने टी-20 में भी किया वेस्टइंडीज का किया सफाया

## आईसीसी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचा, भारत ने 3-0 से जीती टी-20 सीरीज, हर्षल ने शेफर्ड को आउट किया



**नईदिल्ली।** भारत ने वेस्टइंडीज को तीन मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी 17 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम इंडिया टी-20 रैंकिंग में भी पहले स्थान पर पहुंच गई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 184 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 31 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली। वहीं, वेंकटेश अय्यर 19 गेंदों पर 35 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 37 गेंदों पर 91 रन की साझेदारी हुई। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 167 रन ही बना सकी। विंडीज की ओर से निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 47 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। इसके अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 21 गेंदों पर 29 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सका। रोवमन पॉवेल ने 14 गेंदों पर 25 रन, काइल मायर्स ने छह रन, शाई होप ने आठ रन, कप्तान कीरोन पोलार्ड ने पांच रन, जेसन होल्डर ने दो रन, रोस्टन चेज ने 12 रन और डोमिनिक ड्रेक्स ने चार रन बनाए। फैबियन एलेन पांच रन बनाकर नाबाद रहे। 19 ओवर के बाद वेस्टइंडीज ने आठ विकेट गंवाकर 162 रन बना लिए हैं। 19वें ओवर में हर्षल पटेल ने खतरनाक दिख रहे रोमारियो शेफर्ड को रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। शेफर्ड 21 गेंदों पर 29 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को 23 रन की जरूरत है। 18वें ओवर में 148 रन के स्कोर पर वेस्टइंडीज को सातवां झटका लगा। शार्दुल ठाकुर ने निकोलस पूरन को पवेलियन भेजा। पूरन 47 गेंदों पर 61 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंन रोमारियो शेफर्ड के साथ सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी निभाई। ईशान ने पूरन का बेहतरीन कैच लपका। 18 ओवर के बाद वेस्टइंडीज ने सात विकेट गंवाकर 154 रन बना लिए हैं। फिलहाल रोमारियो शेफर्ड और फेबियन एलेन क्रीज पर हैं। 16 ओवर के बाद वेस्टइंडीज ने छह विकेट गंवाकर 134 रन बना लिए हैं। अब विंडीज को 24 गेंदों पर 51 रन की जरूरत है। फिलहाल रोमारियो शेफर्ड 11 गेंदों पर 16 रन और निकोलस पूरन 42 गेंदों पर 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पूरन ने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। उन्होंने पहले और दूसरे टी-20 में भी अर्धशतक लगाया था। यह पूरन के टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर की आठवीं फिफ्टी रही। 100 रन के स्कोर पर वेस्टइंडीज को छठा झटका लगा। हर्षल पटेल ने रोस्टन चेज को स्लोअर यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया। चेज सात गेंदों पर 12 रन बना सके। 12 ओवर के बाद वेस्टइंडीज ने छह विकेट गंवाकर 100 रन बना लिए हैं। फिलहाल रोमारियो शेफर्ड शून्य और निकोलस पूरन 28 गेंदों पर 37 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। 13वें ओवर की पहली गेंद पर विकेटकीपर ईशान किशन ने पूरन का कैच भी छोड़ दिया। गेंदबाजी में भी वेंकटेश अय्यर ने गजब का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कीरोन पोलार्ड के बाद जेसन होल्डर को भी पवेलियन भेजा। होल्डर छह गेंदों पर दो रन बनाकर आउट हुए। वेंकटेश अय्यर ने उन्हें श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। 87 रन पर वेस्टइंडीज की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी है। 11 ओवर के बाद विंडीज ने पांच विकेट गंवाकर 97 रन बना लिए हैं। फिलहाल रोस्टन चेज तीन गेंदों पर 10 रन और निकोलस पूरन 26 गेंदों पर 36 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।



# इमोशनल हुए गब्बर



## बेटे जोरावर से दो साल बाद मिले धवन

**नईदिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन दो साल बाद बेटे जोरावर से मिलकर भावुक हो गए। उन्होंने बेटे के साथ मिलने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धवन ने इसके कैप्शन में लिखा- दो लंबे सालों के बाद अपने बेटे से मिला। उसके साथ खेलना, उसको गले लगाना, बातें करना, बहुत ही भावुक पल हैं ये। ये पल मुझे हमेशा याद रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया में कड़े प्रतिबंध के कारण नहीं मिलेदरअसल, जोरावर अगस्त 2020 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में ही रह रहे हैं। 2020 में कोरोना के कारण ऑस्ट्रेलिया में कई कड़े प्रतिबंध लगाए गए थे। इस वजह से धवन ऑस्ट्रेलिया नहीं जा पाए थे। 2020 के दिसंबर में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी धवन टी-20 टीम में शामिल जरूर थे, लेकिन सख्त नियमों की वजह से कही घूम नहीं पाए थे। यही वजह थी कि शिखर अपने बेटे से नहीं मिल पाए थे।

### धवन नहीं चाहते थे आयशा से तलाक

धवन से तलाक की जानकारी आयशा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर दी थी। हालांकि, धवन की ओर से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान आज तक नहीं आया। कुछ लोगों का कहना है कि धवन तलाक नहीं चाहते थे और वह अपनी शादी बचाने के प्रयास में ही लगे हुए थे। इसलिए आज तक उन्होंने तलाक को लेकर कुछ नहीं बोला।

### धवन और आयशा का पिछले साल तलाक हुआ था

धवन और उनकी पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी का पिछले साल ही तलाक हुआ था। इसके बाद से जोरावर अपनी मां के साथ ऑस्ट्रेलिया में ही थे। इस बार वह अपनी बहन आलिया के साथ पिता से मिलने भारत पहुंचे थे। धवन वनडे सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा थे। इसके बाद अब वह बेटे के साथ क्वालिटी समय बिता रहे हैं।

### धवन को पंजाब किंग्स ने 8.25 करोड़ में खरीदा


36 साल के धवन को हाल ही में पंजाब किंग्स ने 8.25 करोड़ रुपये में खरीदा है। अगले महीने आईपीएल की शुरुआत होनी है, ऐसे में वह फिलहाल बेटे को समय दे रहे हैं। धवन और आयशा की शादी 2012 में हुई थी। आयशा की यह दूसरी शादी थी। पहली शादी से उनकी दो बेटियां थीं। वहीं, शादी के बाद बेटा जोरावर हुआ।


# काजल अग्रवाल की हुई गोदभराई



**नईदिल्ली।** साउथ एक्ट्रेस काजल अग्रवाल इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी फेज को एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में नए साल की शुरुआत में एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और गौतम किचलू ने आधिकारिक तौर पर ये खुशखबरी दी थी और काजल ने अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट किया। इसके बाद से काजल अग्रवाल लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। अब उनकी गोद भराई की तस्वीरें भी सामने आ चुकी हैं। जाहिर तौर पर ये तस्वीरें उनके फैंस के लिए ये बेहद ही खुश कर देने वाली खबर है।







# सक्सेसफुल बिजनेस वुमन हैं करिश्मा कपूर की सौतन प्रिया सचदेव

## यशराज फिल्म्स के साथ कर चुकी हैं काम

**नईदिल्ली।** करिश्मा कपूर और संजय कपूर ने 2003 में शादी की थी। शादी के बाद करिश्मा ने एक बेटी और बेटे को जन्म दिया। हालांकि दोनों कुछ समय ही साथ रहे। तलाक के समय करिश्मा ने संजय कपूर पर कई गंभीर आरोप लगाए। संजय से तलाक के बाद एक तरफ करिश्मा जहां सिंगल हैं वहीं संजय कपूर ने प्रिया सचदेव से शादी कर ली। प्रिया मॉडल और एक्ट्रेस भी रह चुकी हैं। प्रिया ने 1999 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ लंदन ( ष्टरु) से बिजनेस मैनेजमेंट के साथ डबल मेजर मैथमेटिक्स भी किया है। सचदेव ने अपने करियर की शुरुआत एक निवेश बैंकिंग विश्लेषक के रूप में की थी। उन्होंने कई टीवी विज्ञापनों में भी काम किया है। प्रिया सचदेव ने कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में भी काम किया और यश चोपड़ा की फिल्म %नील% एन निक्की में भी नजर आईं। प्रिया ने अमिताभ बच्चन और करीना कपूर के साथ विज्ञापन भी किया है। प्रिया पेश से बिजनेसवुमन हैं। वे देश के कई शहरों में फैशन बुटीक चलाती हैं। प्रिया सचदेव सोना ग्रुप की समूह निदेशक हैं। वह सोना ऑटोकॉम्प होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक भी हैं।



# सोनल वेंगुर्लेकर मेरे साईं - श्रद्धा और सबूरी में अहम भूमिका निभाएंगी



**नईदिल्ली।** अभिनेत्री सोनल वेंगुर्लेकर शो %मेरे साईं- श्रद्धा और सबूरी की नवीनतम जोड़ी हैं। उन्हें एक महिला डॉक्टर की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, जो भयंकर महामारी के बीच शिरडी आती है। एक्ट्रेस ने शो में अपने रोल के बारे में बात की। शो का हिस्सा बनने और अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए सोनल कहती हैं- मैं %मेरे साईं की एक उत्साही दर्शक रही हूं। हर एपिसोड से बहुत कुछ सीखने को मिलता है क्योंकि यह बहुत ज्ञान और सीख देता है। इसका हिस्सा बनने के लिए इतना प्रतिष्ठित शो मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके अलावा, मैं अपने ऑन-स्क्रीन चरित्र से बहुत प्रेरित हूं, जो कठिन से कठिन समय में भी जीवन के उज्जवल पक्ष को देखता है। भले ही शिरडी आने पर उसे विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, साईं उसके साथ खड़ा होता है। वह इसमें विश्वास करता है। उसे और यहां तक कि लोगों को उस पर विश्वास करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसके अलावा, %ये है चाहतें की अभिनेत्री साझा करती है-हालांकि, अगर हम इसके बारे में सोचते हैं, तो इतने सालों के बाद भी, आज का पितृसत्तात्मक समाज किसी भी पेशे में एक महिला की विश्वसनीयता पर संदेह करता है। मुझे उम्मीद है कि इस शो के माध्यम से हम कई लोगों के दिमाग को प्रभावित कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और प्रत्येक व्यक्ति को वह अधिकार दे सकते हैं जिसके वे हकदार हैं। %मेरे साईं- श्रद्धा और सबूरी सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# संगीता ज्वेलर्स में हुई 3 करोड़ की चोरी का पर्दाफाश

## झारखंड व नेपाल के 13 सदस्यीय गिरोह ने योजना बनाकर दिया था वारदात को अंजाम

## दो गिरफ्तार, 20 लाख के जेवर बरामद, दूसरे आरोपियों की तलाश जारी



**कटनी।** माधवनगर मेन बाजार स्थित संगीता ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में पुलिस को आंशिक सफलता मिल गई है। पुलिस ने वारदात में शामिल एक दर्जन से अधिक आरोपियों में से दो आरोपियों को झारखंड से गिरफ्तार कर कटनी ले आई है। जिनके पास से लगभग 20 लाख रूपए के जेवर बरामद कर लिए गए हैं। वहीं अब पुलिस को चोरी की इस वारदात में शामिल दूसरे आरोपियों की भी तलाश है। जिसमें से कुछ झारखंड के रहने वाले हैं जबकि पांच लोग नेपाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वारदात का खुलासा करने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि झारखंड के साहिबगंज क्षेत्र निवासी कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के युवक नेपाल निवासी कुछ युवकों को साथ लेकर पूरे देश में चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों का यह गिरोह केवल सोना-चांदी ही चोरी करता है। जिसके कारण गिरोह के निशाने पर ज्यादातर सराफा दुकानें रहती हैं या फिर सूना मकान। एसपी ने बताया कि इस गिरोह के द्वारा ही कई दिनों की रैकी के बाद संगीता ज्वेलर्स में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस को चोरी की इस वारदात में आंशिक सफलता मिली है तथा उसने वारदात में शामिल साहिबगंज झारखंड निवासी हासिम रजा व खालिक शेख नामक दो युवकों को गिरफ्तार कर कटनी ले आई है। एसपी के मुताबिक पुलिस गिरफ्त में आए दोनों आरोपियों के पास से लगभग 20 लाख रूपए के जेवर बरामद कर लिए गए हैं। वहीं अब पुलिस को नेपाल निवासी 32 वर्षीय गोविंद बहादुर पिता झनकार सावाद और गुजरात के वलसाड निवासी 32 वर्षीय दिनेश रावत सहित दूसरे आरोपियों की तलाश है।

### 18-19 जनवरी की दरम्यानी रात हुई थी वारदात

गौरतलब है कि बीती 18-19 जनवरी की दरम्यानी रात माधवनगर मेन बाजार क्षेत्र स्थित संगीता ज्वेलर्स दुकान की दीवार में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। दुकान संचालक रवि पाहूजा के अनुसार दुकान की तिजोरी में रखे 6 किलो सोने, 7 किलो चांदी और 10 लाख के डायमंड से बने आभूषण चोरी किए गए थे। इसके अलावा 1 लाख 5 हजार रुपए नगद भी चोरी गए थे। चोरी गए आभूषणों की कीमत लगभग 3 करोड़ 17 लाख 55 हजार रुपए है। पुलिस ने बताया कि दुकान के पास रोड नंबर पांच पर शांति बाई के मकान में एक सप्ताह पहले नेपाल निवासी 32 वर्षीय गोविंद बहादुर पिता झनकार सावाद और गुजरात के वलसाड निवासी 32 वर्षीय दिनेश रावत ने किराया से कमरा लिया था।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में चोरी की इस सनसनीखेज वारदात से पर्दा उठाने में माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे, बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, उपनिरीक्षक पंकज शुक्ला, एम एल करण, सिद्धार्थ राय सहित अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

# विजयराघवगढ़ महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन कल से

### लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति के साथ कवि सम्मेलन व देशभक्ति गीतों की होगी प्रस्तुति

**कटनी।** अमर शहीद राजा सरयू प्रसाद की स्मृति में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विजयराघवगढ़ महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किला प्रांगण में 22, 23 एवं 24 फरवरी को किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रदेश में सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की मंशा अनुसार पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित होने जा रहे विजयराघवगढ़ महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी के मुताबक विजयराघवगढ़ महोत्सव के अंतर्गत 22 फरवरी को सायं 7 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इसी क्रम में 23 फरवरी को सायं 7 बजे से देश के सुप्रसिद्ध कवियों की गरिमामयी उपस्थिति में कवि स मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में सुनील समैया, प्रो. यशपाल यश फिरोजाबाद, लक्ष्मण नेपाली मुम्बई, किरण गोंदिया, नरेन्द्र अटल, डॉ. अखिल आनंद, अपूर्वा चतुर्वेदी, अमित शुक्ला, विजयराघवगढ़ की कवियत्री प्रियंका मिश्रा एवं अजय त्रिपाठी द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा। विजयराघवगढ़ महोत्सव के अंतिम दिन 24 फरवरी को फिल्मी देशभक्ति गीतों के साथ आर्केस्ट्रा का रंगारंग कार्यक्रम एवं बॉलीवुड के जूनियर आर्टिस्ट जूनियर जॉनी लीवर एवं जूनियर शशि कपूर द्वारा मिमिक्री की जाएगी। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने समस्त क्षेत्रवासियों से देश के लिए अपने प्राणों की शहादत देने वाले रणबांकुरों की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।



# जेवरों के बिल नहीं दिखा पा रहे दोनों यात्री

### शक्तिपुंज एक्सप्रेस से कटनी पहुंचे पश्चिम बंगाल निवासी दो यात्रियों से साउथ स्टेशन में बरामद हुए थे 22 लाख के जेवर

**कटनी।** साउथ स्टेशन में 22 लाख रूपए कीमती जेवरों के साथ जीआरपी के द्वारा पकड़े गए दोनों यात्री अब तक जेवरों के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। अभी पूरे जेवर जीआरपी की कस्टडी में हैं तथा आयकर विभाग मामले की जांच कर रहा है। गौरतलब है कि कई राज्यो में हो रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा व कटनी साउथ स्टेशन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों की चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान शनिवार की दोपहर कटनी साउथ स्टेशन पर गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस के आगमन पर दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर दो व्यक्तियों के बैगों में कुछ वजनी सामान दिखा। रेसुब जबलपुर टीम के सहायक उपनिरीक्षक अमित यादव, प्रधान आरक्षक मोहम्मद शहजाद, कटनी पोस्ट के प्रधान आरक्षक पी एल करयाम व जीआरपी स्टॉफ ने रोककर जांच करने पर उनके बैगों में सोने के जेवरात मिले। पकड़े गए दो लोगों में पश्चिम बंगाल हुबली जिले के चंडीतला थाना अंतर्गत मुल्ला चौक मोददपाड़ा सलीम अली मिदय पिता शराफत अली मिदय व जंगीपार थाना अंतर्गत माधवपुर निवासी 56 वर्षीय सईफुद्दीन मलिक शामिल हैं। दोनों ट्रेन के कोच बी-4 की बर्थ क्रमांक 42 व 44 पर यात्रा कर उतरे थे। इनके पास से 552.96 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए गए हैं। जिसमें 38 कंगन, 70 लाखपत्ती कंगन मिले हैं। इनकी कीमत 22 लाख 23 हजार 233 रुपये आंकी गई है। जीआरपी कटनी ने आयकर विभाग व जीएसटी को सूचित किया। जिसके बाद से ही आयकर विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है।

# घर से बिना बताए लापता किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

### सकुशल परिजनों को सौंपा

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत घर में बिना बताए अचानक लापता हुई एक 15 वर्षीय किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा है। पुलिस के मुताबिक बाकल निवासी 37 वर्षीय पप्पी बाई पति रज्जन सोनकर ने 17 फरवरी को थाना में उपस्थित होकर अपनी 15 वर्षीय पुत्री स`की सोनकर के घर से बिना बताए कहीं चले जाने की सूचना पुलिस को दी थी तथा पुत्री के अपहरण किए जाने का भी संदेह व्यक्त किया था। पुलिस ने मां की शिकायत पर अज्ञात के विरूद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश शुरू की थी। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने लापता सेकी सोनकर को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा है। किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब करने में बाकल थाना प्रभारी प्रीति पाण्डेय, सहायक उपनिरीक्षक एस के बड़गैया, प्रधान आरक्षक अजय सिंह, महिला आरक्षक प्रियंका तिवारी, आरक्षक बुद्धू कुमार की भूमिका रही।

# वन क्षेत्र में हो रहा था रेत का अवैध उत्खनन

### वन विभाग ने पकड़ी रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**कटनी/उमरियापान।** वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के पिंडरई में वन विभाग की टीम ने रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि वन क्षेत्र में बीते कई महीनों से रेत का अवैध खनन और परिवहन माफियाओं के द्वारा किया जा रहा है। बीते दिन हो रहे रेत खनन की जानकारी पुलिस और वन विभाग को मिली। वन क्षेत्र का मामला होने की वजह वन विभाग ने कार्रवाई किया। डिप्टी रेंजर विनोद प्यासी ने बताया कि ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के पिंडरई में वन विभाग के नारंगी क्षेत्र में रेत के अवैध खनन कर परिवहन होने की सूचना मिली थी। मौके पर वन कर्मियों के साथ पहुंचकर देखा तो रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली आ रही है। ट्रैक्टर चालक रामपुर निवासी जयकुमार वन विभाग और पुलिस को आता देख भागने लगा और रेत को खाली करने लगा। वन विभाग की टीम ने मौके पर घेराबंदी करते हुए रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। डिप्टी रेंजर ने बताया कि रेत से भरी पकड़ी गई। ट्रैक्टर ट्रॉली रामपुर निवासी राजेश त्रिपाठी की है। वन विभाग ने रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त करते हुए वन क्षेत्र में रेत का अवैध खनन और परिवहन करने का प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान वनरक्षक राजेश शर्मा, पवन शर्मा, प्रदीप तिवारी सहित ढीमरखेड़ा पुलिस बल भी तैनात रहा।

### सायना किड्स स्कूल में 4 दिवसीय मास्टर क्लासेस प्रारंभ

# लजीज व्यंजनों के टिप्स मिले शौकीनों को







**कटनी।** भारत में विभिन्न शहरों के ताज ओबेरॉय जैसे बड़े बड़े होटलों में पिछले 29 वर्षो से लजीज व्यंजन बनाकर लोगों का दिल जीतने वाले मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले मशहूर शेफ कौशिक ने आज कटनी के सायना किड्स स्कूल में 4 दिवसीय मास्टर क्लासेस में के पहले दिन लगभग 100 महिलाओं पुरूषों लोगों को लजीज व्यंजन बनाने के टिप्स प्रशिक्षण के दौरान दिए आने वाले तीन दिनों में ग्रेवी से बनने वाले फूड सहित अन्य व्यंजनों को बनाना सिखाया जाएगा मशहूर शेफ कौशिक के साथ उनके सहयोगी शेफ विक्रम रावत, शेफ अमित सरकार ने भी सहयोग किया। मशहूर शेफ कौशिक बताया कि खाना बनाना एक कला है। आपके द्वारा बनाई सामान्य डिश भी पकाने, परोसने और खाने के अंदाज से खास हो सकती है। उनके द्वारा आज दो प्रकार की सलाद सभी को अपनी ओर आकर्षित करने वाली थी। एक से बढ़कर एक व्यंजनों को देख मुंह में पानी आना स्वाभाविक था। सायना किड्स स्कूल की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती भारती शर्मा ने बताया महिलाएं अगर ठान लें तो उनके लिए कुछ भी नामुमकिन नहीं होता। लोगों का मानना है कि औरतों की जगह सिर्फ घर की किचन में है लेकिन आज कई ऐसी महिलाएं है, जिन्होंने साबित कर दिया कि औरतें किचन से बाहर निकलकर भी बहुत कुछ कर सकती हैं। यही नहीं, कुछ महिलाओं ने तो किचन यानि खाने-पकाने को ही अपना हथियार बनाकर दुनिया में मिसाल कायम की।

# कटनी साउथ व मुड़वारा स्टेशन की दो ट्रेनें फिर रद्द

### बिलासपुर रेलखंड में खरसिया स्टेशन के पास तीसरी लाइन जोड़ने रेलवे का निर्णय

**कटनी।** बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर झारडीह-खरसिया-राबर्टसन के बीच तीसरी लाइन जोड़ने के लिए खरसिया स्टेशन पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। इस कार्य की वजह से कटनी साउथ व कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली दो जोड़े यात्री ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय रेलवे ने लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 22909 बलसाड से पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस 24 फरवरी 2022 को और वापसी गाड़ी संख्या 22910 पुरी से बलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस 27 फरवरी 2022 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी पमरे के भोपाल, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर एवं कटनी साऊथ स्टेशनों से होकर गुजरती है। इसीप्रकार गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति से संतरागाछी सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 23 फरवरी 2022 बुधवार को और वापसी में गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी से रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 24 फरवरी 2022 गुरुवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति स्टेशन से प्रारंभ/टर्मिनेट होकर विदिशा, बीना, सागर, दमोह एवं कटनी मुड़वारा स्टेशनों से होकर गुजरती है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि स्वर्ण सूरी पति हरिश्चंद सूरी आयु लगभग 76 वर्ष निवासी सिविल लाईन सूरी गली सेन्टपॉल स्कूल के पीछे तहसील व जिला कटनी (म.प्र.) यह कथन शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरा नाम स्वर्ण सूरी है जो कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 349474653575 में दर्ज है। मेरी जन्मतिथि 28.08.1945 है। मेरा का नाम पंजाब नेशनल बैंक शाखा कटनी के पी.पी.ओ. नंबर 64072/12257 मेरा नाम दीप्ती सूरी दर्ज है। स्वर्ण सूरी व दीप्ती सूरी मेरा ही नाम है किसी अन्य व्यक्ति के नहीं। अस्तु सूचना सर्वसाधारण है।


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274












स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)